आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.02.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट भविष्य में आर्टिफिशयल इटेलिजेंस की शक्ति का उपयोग करने की दिशा में विश्व के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ।
2. प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी पूरी लगन से अपनी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं और तनाव में नहीं है।
3. द्वीपसमूह के उत्पादों को मंच प्रदान करने के लिए कल से दो दिवसीय 'राष्ट्रीय स्तर पर रिवर्स बायर–सेलर मीट और एक्सपो' आयोजित किया जाएगा।
4. देवी श्री मुत्तुमारियम्मन मंदिर में आयोजित वार्षिक पूजा के मद्देनजर, दक्षिण अंडमान जिला मजिस्ट्रेट ने यातायात व्यवस्था के लिए निर्देश जारी किए हैं।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट भविष्य में विश्व स्तर पर एआई की शक्ति के उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बताया कि समिट के लिए नई दिल्ली में कई देशों के नेता, उद्योगपति, नवप्रवर्तक और स्टार्टअप क्षेत्र से जुड़े लोग एकत्र हुए।

श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने इंडिया एआई प्रदर्शनी में विश्व नेताओं को कई वस्तुएं दिखाईं।

श्री मोदी ने कहा कि देश में अंगदान के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि एक नेक काम अनगिनत लोगों का जीवन बदल सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'मन की बात' में डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल धोखाधड़ी पर उनके भाषण के बाद समाज में इस दिशा में काफी जागरूकता आई है।

प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी पूरी लगन से अपनी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं और तनाव में नहीं हैं।

श्री मोदी ने रमज़ान और आगामी होली के त्यौहार की देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को भी दोहराया।

द्वीप समूह के उत्पादों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से कल और चौबीस फरवरी को मेगापोड रिसॉर्ट में दो दिवसीय 'राष्ट्रीय स्तर का रिवर्स बायर–सेलर मीट और एक्सपो' आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम कृषि, उद्योग और मत्स्य पालन विभाग द्वारा इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स, कोलकाता के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसमें द्वीपों के प्रगतिशील किसान, कृषि–बागवानी उद्यमी, मछुआरे, स्वयं सहायता समूह, किसान उत्पादक संगठन, सूक्ष्म एवं लघु उद्यम और स्टार्टअप्स भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य बाजार का विस्तार, स्थानीय उत्पादों की पहचान और ब्रांड को मजबूत करना, व्यापारिक साझेदारी और कृषि, मत्स्य पालन और संबद्ध क्षेत्रों में द्वीपों की समृद्ध क्षमता को उजागर करना है। इस

दौरान बिजनेस–टू–बिजनेस संवाद के साथ, द्वीपों के विविध और अद्वितीय उत्पादों की एक प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

निर्वाचन आयोग चौबीस फरवरी को राज्य चुनाव आयुक्तों के साथ एक सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में करेगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन में, राज्य निर्वाचन आयुक्त अपने कानूनी और तकनीकी विशेषज्ञों और सभी राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारी शामिल होंगे। सम्मेलन का उद्देश्य निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयुक्तों के कामकाज में तालमेल को बढ़ावा देना है। सम्मेलन में प्रौद्योगिकी, ईवीएम और मतदाता–सूची साझा करने पर चर्चा होगी। आयोग के अनुसार, इस तरह का सम्मेलन सत्ताईस साल बाद हो रहा है।

<><><><><><><>

ऑस्टिनाबाद स्थित देवी श्री मुत्तुमारियम्मन मंदिर में आयोजित वार्षिक पूजा के मद्देनजर, दक्षिण अंडमान जिला मजिस्ट्रेट ने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और भीड़भाड़ को रोकने के लिए निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत कल सुबह आठ बजे से रात 8 बजे तक प्रातरापुर जंक्शन, मजारपहाड़ जंक्शन, न्यू पहाड़गाँव और कार्बाइंस चौक से देवी श्री मुत्तुमारियम्मन मंदिर की ओर किसी भी वाहन को जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके स्थान पर पत्थर गड्ढा जंक्शन से पुराने सपना थिएटर होते हुए कार्बाइंस चौक तक जाने वाली सड़क वाहनों की आवाजाही के लिए खुली रहेगी। भातुबस्ती से ब्रुक्शाबाद और चक्करगांव जाने वाले और वहां से लौटने वाले वाहनों को पत्थर गड्ढा जंक्शन से पुराने सपना थिएटर होते हुए कार्बाइंस चौक का उपयोग करना होगा। चौबीस फरवरी को सुबह दस बजे से शाम

चार बजे तक महा अन्नदानम को देखते हुए भी प्रातरापुर जंक्शन और कार्बाइंस चौक से देवी श्री मुत्तुमारियम्मन मंदिर की ओर किसी भी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। भातुबस्ती ब्रुक्शाबाद और चक्करगाँव आने–जाने वाले वाहन पत्थर गड्ढा जंक्शन से पुराने सपना थिएटर होकर कार्बाइंस चौक वाले वैकल्पिक मार्ग का उपयोग कर सकते हैं।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने आत्मा योजना के तहत, लिटिल अंडमान के आर.के. पुर में 'मुर्गी, बत्तख और मूल्य वर्धित चिकन का वैज्ञानिक पालन एवं प्रबंधन' पर एक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों की 22 महिला प्रतिभागियों के साथ–साथ डिप्लोमा कोर्स कर रहे प्रशिक्षु छात्रों ने भी भाग लिया। आर.के. पुर पशु चिकित्सालय के प्रभारी वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी ने स्रोत अधिकारी के रूप में मुर्गियों, बत्तखों और अन्य मूल्य वर्धित पक्षियों के वैज्ञानिक प्रबंधन प्रणाली के महत्व के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>